उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर।

सं.740ई / आरआरसी / जीडीसीई / अधिसूचना / 2023 दिनांक 01.09.2023

महत्वपूर्ण सूचना

सर्व सम्बन्धित,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

विषयः– जीडीसीई अधिसूचना संख्या 04 / 2023 के ऑनलाईन आवेदन पत्र में त्रुटि संशोधन के कम में।

सन्दर्भः– इस कार्यालय द्वारा जारी जीडीसीई अधिसूचना संख्या 04 / 2023

–0000–

उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर पर सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (जीडीसीई कोटे) के विरूद्व ग्रुप 'सी' विभिन्न पदों की 312 रिक्तियों को भरने हेतु रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा जीडीसीई अधिसूचना संख्या 04 / 2023 दिनांक 02.08.2023 को जारी की गई। उक्त अधिसूचना के तहत दिनांक 03.08.2023 से ऑनलाईन आवेदन पत्र आंमत्रित किये गए तथा ऑनलाईन आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि 02.09.2023 समय 23.59 बजे तक है।

उक्त अधिसूचना के तहत ऑनलाईन आवेदन पत्र में हुई त्रुटि को संशोधन करने के लिए दिनांक 03.09.2023 समय 00.00 बजे से दिनांक 04.09.2023 समय 23.59 बजे तक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें कर्मचारी आईडी, कर्मचारी का नाम, मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल को छोडकर व्यक्तिगत विवरण (Personal Details), कर्मचारी विवरण (Employment Details), शैक्षणिक योग्यता (Qualification Details) एवं पत्राचार का पता (Correspondence Address) इत्यादि में हुई त्रुटि को संशोधित किया जा सकता है। साथ ही कर्मचारी ने प्रमाण पत्र (अनुलग्नक–I) भी यदि गलत / त्रुटिपूर्ण अपलोड कर दिया है तो वह भी पुनः सही अपलोड किया जा सकता है।

अतः जिन अभ्यर्थियों द्वारा सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई हो तो उन्हे अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन हेतु दिनांक 03.09.2023 समय 00.00 बजे से दिनांक 04.09.2023 समय 23.59 बजे तक समय दिया जा रहा है। इसके बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि में सुधार का कोई समय नहीं दिया जाएगा तथा ना ही किसी प्रकार का पत्राचार स्वीकार किया जाएगा। अधिसूचना की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कृपया सभी अभ्यर्थी नोट करें।

(दिनेश कौल)
अध्यक्ष / रेलवे भर्ती कक्ष

प्रतिलिपिः– महासचिव–NWREU, UPRMS,SC/ST/OBC Association.